आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 20.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तेज़ी से राहत और पुनर्निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 127 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति।
- निर्वाचन आयोग ने पिछले छह वर्षों में कोई भी चुनाव नहीं लड़ने के कारण चार सौ चौहत्तर पंजीकृत गैर—मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाया।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने विभिन्न विभागों को अपने क्षेत्र में सुधार तथा बढ़ोत्तरी की गणना का मूल्यांकन करने के निर्देश दिए।

पुनर्निर्माण कार्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा से हुई क्षति, विद्युत, पेयजल और मोटर मार्गों की अद्यतन स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित जनता के साथ खड़ी है और राहत व पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता को त्वरित राहत उपलब्ध कराना और समयबद्ध ढंग से पुनर्निर्माण कार्य पूरे करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक के दौरान मंडल आयुक्त और जिलाधिकारी ने जिले में आपदा से हुई क्षति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में आपदा से हुई कुल क्षति का आकलन लगभग 443 करोड़ रुपये किया गया है और यह रिपोर्ट भारत सरकार की आपदा विश्लेषण टीम को भी प्रस्तुत की गई है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता को जलाशयों में de-silting कार्य की ठोस योजना बनाने और कार्ययोजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सुशीला तिवारी अस्पताल के न्छ्छस् कर्मियों के लंबित वेतन के मुद्दे का भी संज्ञान लेते हुए तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

अमित शाह से फोन वार्ता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखण्ड में हाल ही में आई आपदा की स्थिति एवं प्रभावित क्षेत्रों में राहत—बचाव कार्यों की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत कर जानकारी ली। उन्होंने राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग व आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में केंद्र सरकार राज्य के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और प्रभावित जनता को शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त किया।

आपदा राहत

टिहरी जिले के जौनपुर विकासखंड के  धनोल्टी तहसील के आपदा प्रभावित क्षेत्र रगड़गांव में हेलीकॉप्टर सेवा से 52 राशन किट पहुंचाई गईं। जिसे मौके पर ही प्रभावित परिवारों को वितरित किया गया। साथ ही आर्थिक सहायता राशि के चेक भी प्रदान किए गए।

वहीं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय ने कल देहरादून के आपदा प्रभावित मालदेवता – केसरवाला क्षेत्र का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों को अस्थायी सड़क को सुविधाजनक बनाने, साथ ही बरसात के बाद तेजी से स्थायी सड़क का निर्माण करने और सड़क को बाढ़ से बचाने के भी उपाय करने के निर्देश दिए।

वित्तीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहरी विकास विभाग के तहत प्रदेश के 12 नगर निकायों में देवभूमि रजत जयंती पार्कों के निर्माण के लिए 13 करोड़ रूपये की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। साथ ही उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में आयी आपदा में मलबे में दबे शवों के डीएनए नमूनों के परीक्षण व मृतकों की पहचान के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला देहरादून के लिए विभिन्न उपकरणों, रसायनों, कंज्यूमेबल्स की आवश्यकता के लिए 93 लाख रूपये की भी स्वीकृति प्रदान की। जबकि उधम सिंह नगर व पौड़ी जिले में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों के लिए राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत 13 करोड़ रूपये की स्वीकृति अनुमोदन प्रदान किया। इसके आलवा KFW द्वारा वित पोषित Environmentally Friendly Urban Development Programme in Ganga Basin States कार्यक्रम के अन्तर्गत हरिद्वार व ऋषिकेश नगर में सीवर नेटवर्क क   सुदृढ़ीकरण के लिए 100 करोड़ रूपये वित्तीय वर्ष 2025–26 में अवमुक्त किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया है।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने मानदंडों का उल्लंघन करने के आरोप में चार सौ 74 पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है। इन पार्टियों ने 2019 से एक भी चुनाव नहीं लड़ा है। इस प्रक्रिया के पहले चरण में आयोग ने पिछले महीने तीन सौ 34 पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया था। आयोग ने पिछले दो महीनों में आठ सौ आठ पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाया है।

## मुख्य सचिव बैठक

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने विभागों को प्रमुख परिणाम संकेतक निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागों ने अपने कार्य क्षेत्र में विगत वर्षों के सापेक्ष कितनी बढ़ोत्तरी की है, इसे आउटकम इंडिकेटर्स में शामिल किया जाए। देहरादून सचिवालय में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि इससे संचालित विभागीय योजनाओं का मूल्यांकन भी हो सकेगा। श्री बर्द्धन ने कहा कि सिंचाई विभाग अपना आउटकम इंडिकेटर यह रखे कि प्रदेश की कितने प्रतिशत खेती योग्य भूमि को वर्षा आधारित सिंचाई को निश्चित सिंचाई में परिवर्तित किया है। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित किसी योजना से पर्यटकों के औसत फुटफॉल में कितनी बढ़ोत्तरी हुई है, या पर्यटकों की संख्या, पर्वतारोहियों और ट्रैकिंग करने वालों की संख्या आदि गतिविधियों में कितने प्रतिशत ग्रोथ की भी जानकारी मिलेगी।

## रक्तदान शिविर

उत्तराखण्ड सचिवालय संघ के आह्वान और दून मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आगामी 22 सितम्बर को राज्य सचिवालय परिसर स्थित अब्दुल कलाम भवन में 'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार' थीम पर रक्तदान शिविर एवं विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

वर्तमान में प्रदेश में आई आपदा और डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट निर्देश हैं कि हर संभव राहत और स्वास्थ्य सहयोग प्रभावित परिवारों तक पहुँचे। इसी कड़ी में सचिवालय संघ और स्वास्थ्य विभाग की यह पहल समाज को संवेदना और सहयोग का सशक्त संदेश देगी। "एक यूनिट रक्तदान–एक महानदान" की भावना से यह शिविर जीवन बचाने का अभियान बनेगा।

## फेंसिंग कप

उत्तराखंड में पहली बार एशियन कैडेट फेंसिंग कप के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इससे खेल संस्कृति को नया मुकाम मिलेगा।

मुख्यमंत्री नैनीताल जिले के हल्द्वानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में एशियाई कैडेट कप फेंसिंग प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अपने अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच से न केवल खेलों में नई ऊंचाइयाँ हासिल करेंगे, बल्कि समाज के समक्ष भी आदर्श प्रस्तुत करेंगे तथा उत्तराखंड को सभी क्षेत्रों में देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे विकल्प रहित संकल्प को पूर्ण करने में अपना योगदान देंगे। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करती रहेगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वह पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव सजग रहें और पौधारोपण, जल–संरक्षण व स्वच्छता के प्रति न केवल स्वयं का योगदान सुनिश्चित करें, बल्कि समाज को भी इसके लिए जागरूक करें, साथ ही नशे के दुष्प्रभावों के प्रति स्वयं भी सजग रहें और युवा पीढ़ी को जागरूक करें।

इससे पूर्व राष्ट्रीय फेंसिंग महासंघ के महासचिव राजीव मेहता ने अवगत कराया कि खेल एशियाई फेंसिंग परिसंघ की ओर से आयोजित 5 दिन स्पर्धा के मुकाबले आगामी 23 सितंबर तक खेले जाएंगे जिसमें देश–विदेश के लगभग 250 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें भारत से लगभग 150 खिलाड़ी प्रतिभा कर रहे है।

बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कल सचिवालय, देहरादून में राज्य स्तरीय दिशा समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं खेल से जुड़ी योजनाओं की कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग शीघ्र इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और विभागों के बीच आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बल दिया कि राज्य को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए लगातार ठोस और सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

सेवा पखवाड़ा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत को नगर निगम देहरादून द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश में स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

चमोली जिले में आपदा के बाद से राहत बचाव कार्य जारी है.. इस खबर के शीर्षक में हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– नंदानगर में मां–दो बेटों समेत पांच शव और मिले, अब 7 लोगों की हो चुकी है मौत, दो लापता...

आपदा प्रभावित गांवों में हेलीकॉप्टर से पहुंचाई जा रही खाद्य सामग्री।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से अमर उजाला लिखता है– उत्तराखंड को अग्रणी राज्य बनाने में शिथिलता नहीं होगी स्वीकार्य...सचिवालय में राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा योजनाओं को धरातल पर उतारने में पारदर्शिता, जवाबदेही और आपसी समन्वय जरूरी।

सीबीआई ने हरीश रावत को 26 सितंबर को दिल्ली तलब किया– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ लिखता है– उत्तराखंड के चर्चित स्टिंग प्रकरण में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को सीबीआई ने दिया नोटिस।

और मौसम की खबर पर अमर उजाला लिखता है– प्रदेश में आज भी तेज दौर की बारिश संभव.. खबर के अनुसार मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।